# Saltanatkalin Bharat-1

**1. निम्न में से कौन-सा शहर फिरोजशाह तुगलक द्वारा स्थापित नहीं किया गया?**
(a) फतेहाबाद (b) जौनपुर
(c) फतेहपुर (d) हिसार

**2. निम्न में से कौन-सी किताब सुल्तान फीरोजशाह तुगलक द्वारा स्वयं लिखी गई?**
(a) फुतुहात-ए-फिरोजशाही
(b) फतवा-ए-जहाँदारी
(c) तारीख-ए-फिरोजशाही
(d) तुगलकनामा

**3. तेरहवीं शताब्दी में 'खराज' क्या था?**
(a) कृषि पर कर
(b) भू-सम्पत्ति हस्तान्तरण पर रोक
(c) भूमि पर कर माफी
(d) सिंचित कृषि पर कर

**4. निम्न में से किसने ऐसे सिक्के प्रचलित किए जिनके एक ओर आसीन लक्ष्मी अंकित है और दूसरी ओर देवनागरी लिपि में शासक का नाम?**
(a) मोहम्मद गोरी (b) महमूद गजनवी
(c) जैनुल आबिदीन (d) अकबर

**5. निम्नलिखित में से कौन शासक 'पृथ्वीराज चौहान' के नाम से प्रसिद्ध है?**
(a) पृथ्वीराज प्रथम (b) पृथ्वीराज द्वितीय
(c) पृथ्वीराज तृतीय (d) इनमें से कोई नहीं

**6. मुहम्मद गोरी ने जयचन्द को किस युद्ध में पराजित किया था?**
(a) तराइन का प्रथम युद्ध
(b) तराइन का दूसरा युद्ध
(c) चन्दावर का युद्ध (d) कन्नौज का युद्ध

**7. निम्न में से किसका निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने करवाया?**
1. कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद
2. कुतुबमीनार
3. अढ़ाई दिन का झोपड़ा
4. अलाई दरवाजा

**कूट**
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 2 और 4 (d) 1 और 2

**8. 'शर्ब' क्या था?**
(a) आय कर (b) बिक्री कर
(c) आयात कर (d) सिंचाई कर

**9. किस शासक ने सर्वप्रथम अकालग्रस्त लोगों की सहायतार्थ 'अकाल संहिता' तैयार की?**
(a) इल्तुतमिश
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मोहम्मद-बिन-तुगलक (d) फिरोज तुगलक

**10. काव्य-ग्रन्थ पद्मावत के अनुसार निम्न में से कौन-सा कथन सही है?**
(a) पद्मावत की रचना अकबर के संरक्षण में हुई
(b) पद्मावत के अनुसार अलाउद्दीन का चित्तौड़ पर आक्रमण का उद्देश्य धन प्राप्त करना था।
(c) पद्मावत में राजा रतनसिंह एवं पद्मिनी की चर्चा है।
(d) सभी कथन सही हैं

**11. तैमूर आक्रमण के बाद भारत में किस वंश का राज्य स्थापित हुआ?**
(a) लोदी वंश (b) सैयद वंश
(c) तुगलक वंश (d) खिलजी वंश

**12. स्वयं को दूसरा सिकन्दर (सिकन्दर-ए-सानी) कहने वाला सुल्तान था**
(a) बलबन (b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मुहम्मद-बिन-तुगलक (d) सिकन्दर लोदी

**13. तुर्क सेनापति जिसने विक्रमशिला और नालन्दा विश्वविद्यालयों को नष्ट किया था, कौन था?**
(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) बख्तियार खिलजी
(c) बलबन (d) इल्तुतमिश

**14. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार रखें**
1. तुगलक 2. लोदी
3. सैयद 4. इल्बारी
5. खिलजी

**कूट**
(a) 1, 2, 3, 4, 5 (b) 5, 4, 3, 2, 1
(c) 2, 4, 5, 3, 1 (d) 4, 5, 1, 3, 2

**15. सूचियों को सही से सुमेलित करें**

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| A. | 1296 ई. | 1. | मंगोलों ने दिल्ली पर आक्रमण किया |
| B. | 1336 ई. | 2. | हरिहर ने विजयनगर राज्य की स्थापना की |
| C. | 1398 ई. | 3. | तैमूर का आक्रमण |
| D. | 1504 ई. | 4. | सिकन्दर लोदी द्वारा आगरा शहर की स्थापना |

**16. लज्जत-ए-सिकन्दरशाही के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें।**
1. यह भारतीय संगीत पर पहला फारसी ग्रन्थ है।
2. इसकी रचना सिकन्दर लोदी ने हिन्दुओं को खुश करने के लिए की।

**कूट**
(a) सिर्फ 1 सही है (b) सिर्फ 2 सही है
(c) 1 एवं 2 सही हैं
(d) न तो 1 न तो 2 सही हैं

**17. इतिहासकार पर्सी ब्राउन ने किस काल को 'मकबरों का काल' कहा?**
(a) तुगलक काल (b) खिलजी काल
(c) गुलाम वंश (d) सैयद एवं लोदी काल

**18. टोपरा और मेरठ से अशोक स्तम्भ लाकर दिल्ली में किस सुल्तान ने स्थापित करवाया?**
(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) फिरोज तुगलक
(c) मुहम्मद तुगलक (d) बलबन

**19. आगरा नगर की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?**
(a) फिरोज तुगलक (b) मोहम्मद-बिन-तुगलक
(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) सिकन्दर लोदी

**20. लोदी वंश का अन्तिम शासक कौन था?**
(a) बहलोल लोदी (b) इब्राहिम लोदी
(c) दौलतखाँ लोदी (d) इनमें से कोई नही

**21. निम्न में क्या बलबन द्वारा शुरू किया गया?**
1. सिजदा 2. पायबोस
3. नौरोज 4. दीवान-ए-अर्ज

**कूट**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 4
(c) 1 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**22. निम्न को सही सुमेलित करें**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. गुलाम वंश | 1. 1206 से 1290 ई. |
| B. खिलजी वंश | 2. 1290 से 1320 ई. |
| C. तुगलक वंश | 3. 1320 से 1414 ई. |
| D. सैयद वंश | 4. 1440 से 1450 ई. |
| E. लोदी वंश | 5. 1450 से 1526 ई. |

**कूट**

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (c) | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 |

**23. तुगलकाबाद की नींव किसने डाली?**
(a) ग्यासुद्दीन तुगलक (b) मुहम्मद-बिन-तुगलक
(c) फिरोजशाह तुगलक (d) सिकन्दर लोदी

**24. निम्नलिखित में से किसने 'तुर्कान-ए-चहलगानी' का गठन किया था?**
(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) इल्तुतमिश
(c) बलबन (d) इनमें से कोई नहीं

**25. निम्न में से कौन 'गुलरुखी' के उपनाम से कविताएँ लिखा करता था?**
(a) इब्राहिम लोदी (b) सिकन्दर लोदी
(c) इल्तुतमिश (d) यल्दौज

**26. मोहम्मद गोरी की हत्या की**
(a) हाजरा ने (b) खोखर ने
(c) युर्तवाल ने (d) बलूची ने

**27. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है?**
(a) हौज खास – फिरोजशाह तुगलक
(b) सीरी फोर्ट – अलाउद्दीन खिलजी
(c) कुतुबमीनार – मोहम्मद-बिन-तुगलक
(d) फिरोजशाह कोटला – इल्तुतमिश

# Saltanatkalin Bharat-2

**1. प्रसिद्ध फारसी पर्व 'नौरोज' किसने प्रारम्भ किया था?**
(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) बलबन
(c) मोहम्मद तुगलक (d) फिरोज तुगलक

**2. गुलाम वंश के आरम्भिक शासकों का निम्न में से कौन-सा सही अनुक्रम है?**
1. कुतुबुद्दीन ऐबक 2. इल्तुतमिश
3. रजिया सुल्तान 4. आरामशाह
**कूट**
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 4, 2 और 3
(c) 1, 3, 2 और 4 (d) 4, 3, 2, और 1

**3. दिल्ली सल्तनत के किस वंश ने सबसे कम समय शासन किया?**
(a) गुलाम वंश (b) खिलजी वंश
(c) तुगलक वंश (d) लोदी वंश

**4. निम्न तुगलक शासकों को सही क्रम में रखें**
1. फिरोज तुगलक 2. ग्यासुद्दीन तुगलक
3. नसीरुद्दीन महमूद 4. महमूद तुगलक
**कूट**
(a) 3, 2, 4, 1 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 4, 2, 1, 3 (d) 3, 1, 2, 4

**5. भारतीय शासक जिसने महमूद गजनवी से हारने के पश्चात् आत्मदाह कर लिया, कौन था?**
(a) जयपाल (b) आनन्दपाल
(c) राज्यपाल (d) अनंगपाल

**6. दाहिर पर मोहम्मद-बिन-कासिम के आक्रमण का तात्कालिक उद्देश्य था**
(a) उसके राज्य पर अधिकार
(b) इस्लाम प्रचार
(c) उसे दण्ड देना (d) सुरक्षित जल-यात्रा

**7. 'अढ़ाई दिन का झोपड़ी' क्या है?**
(a) मस्जिद (b) मन्दिर
(c) सन्त की झोपड़ी (d) मीनार

**8. निम्नलिखित में से किसे 'भारत का तोता' कहा जाता है?**
(a) हुसैन शाह (b) अमीर खुसरो
(c) बारबक शाह (d) नानक

**9. सुमेलित कीजिए।**

| | सूची । (ग्रन्थ) | | सूची ॥ (लेखक) |
|---|---|---|---|
| A. | किताब-अलहिन्द | 1. | इब्नबतूता |
| B. | रेहला | 2. | अलबरूनी |
| C. | हुमायूँनामा | 3. | लाहौरी |
| D. | बादशाहनामा | 4. | गुलबदन बेगम |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**10. इब्राहीम लोदी को परास्त करने वाला राजपूत शासक कौन था?**
(a) अमर सिंह
(b) राणा सांगा
(c) राणा प्रताप
(d) जयसिंह

**11. सिकन्दर लोदी द्वारा फारसी भाषा में अनुवादित ग्रन्थ 'फरहंगे सिकन्दरी' सम्बन्धित था**
(a) ज्योतिष शास्त्र (b) रसायन शास्त्र
(c) खगोल शास्त्र (d) आयुर्वेद शास्त्र

**12. सुमेलित कीजिए**

| सूची । | सूची ॥ |
|---|---|
| A. कुतुबुद्दीन ऐबक | 1. सैयद वंश |
| B. जलालुद्दीन फिरोज | 2. गुलाम वंश |
| C. खिज्र खाँ | 3. खिलजी वंश |
| D. ग्यासुद्दीन | 4. तुगलक वंश |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**13. निम्न को सुमेलित करें**

| सूची । | सूची ॥ |
|---|---|
| A. चेहरा | 1. सुल्तान के पैर को चूमने की प्रथा |
| B. पायबोस | 2. सुल्तान के सामने झुकना |
| C. नौरोज | 3. फारसी नया वर्ष |
| D. सिजदा | 4. सिपाहियों का विवरण |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**14. कौन-सा सुल्तान एक नया धर्म स्थापित करना चाहता था पर उलेमा द्वारा रोका गया?**
(a) बलबन
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) इल्तुतमिश
(d) मोहम्मद तुगलक

**15. निम्न को सुमेलित करें**

| सूची । | सूची ॥ |
|---|---|
| A. हिन्दुओं द्वारा दिया जाने वाला भूमिकर | 1. खम्स |
| B. युद्ध की लूट में राज्य का 1/5 भाग | 2. खराज |
| C. मुस्लिमों द्वारा दिया जाने वाला भूमिकर | 3. उस्र |
| D. मुस्लिमों पर लगने वाला धार्मिक कर | 4. जकात |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**16. चन्दावर का युद्ध किनके बीच हुआ था?**
(a) पृथ्वीराज चौहान और महमूद गजनवी
(b) पृथ्वीराज चौहान और शिहाबुद्दीन गोरी
(c) जयचन्द और शिहाबुद्दीन गोरी
(d) जयचन्द और पृथ्वीराज चौहान

**17. जौनपुर नगर निम्नांकित की स्मृति में स्थापित किया गया**
(a) ग्यासुद्दीन तुगलक (b) मोहम्मद-बिन-तुगलक
(c) फिरोजशाह तुगलक (d) अकबर

**18. सूची । को सूची ॥ से सुमेलित करें**

| सूची । | सूची ॥ |
|---|---|
| A. कुतुबुद्दीन ऐबक | 1. कुत्बी |
| B. इल्तुतमिश | 2. बलबनी |
| C. बलबन | 3. शम्सी |

**कूट**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 2 |

**19. सल्तनतकाल में किस भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया?**
(a) अरबी (b) फारसी (c) तुर्की (d) उर्दू

**20. किसने कहा था कि 'उसने आठ सुल्तानों को सिंहासन चढ़ते देखा है'?**
(a) अमीर खुसरो (b) बरनी
(c) अबु हसन (d) निजामी

**21. दिल्ली की राजगद्दी पर अफगान शासकों के शासन का निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही कालानुक्रम है?**
(a) सिकन्दरशाह–इब्राहिम लोदी–बहलोल खान लोदी
(b) सिकन्दरशाह–बहलोल खान लोदी–इब्राहिम लोदी
(c) बहलोल खान लोदी–सिकन्दरशाह–इब्राहिम लोदी
(d) बहलोल खान लोदी–इब्राहिम लोदी–सिकन्दराबाद

**22. दिल्ली सल्तनत के तुगलक राजवंश का अन्तिम शासक निम्नलिखित में से कौन था?**
(a) फिरोजशाह तुगलक
(b) ग्यासुद्दीन तुगलक द्वितीय
(c) नासिरुद्दीन महमूद
(d) नुसरत शाह

**23. सुल्तान कुतुबुद्दीन ऐबक की मृत्यु कैसे हुई?**
(a) उनके एक महत्त्वाकांक्षी कुलीन व्यक्ति ने कपट से छुरा मारकर उनकी हत्या कर दी
(b) पंजाब पर अधिकार जमाने के लिए गजनी के शासक ताजुद्दीन यल्दौज के साथ हुए युद्ध में उनकी मृत्यु हुई
(c) बुन्देलखण्ड के किले कालिंजर का घेरा डालते समय उन्हें चोट लगी जिसके कारण बाद में उनकी मृत्यु हो गई
(d) चौगान की क्रीड़ा के दौरान अश्व से गिरने के पश्चात् उनकी मृत्यु हो गई

**24. मोहम्मद गोरी का अन्तिम अभियान कब और किसके विरुद्ध था?**
(a) 1206–पंजाब में खोखर विद्रोह दबाना
(b) 1201–पूर्वी भारत पर अपना अधिकार जमाना
(c) 1206–गजनी में खोखर विद्रोह दबाना
(d) 1207–गुजरात का सोमनाथ मन्दिर लूटना

**25. निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने कुतुबमीनार की पाँचवीं मंजिल का निर्माण कराया?**
(a) कुतुबुद्दीन ऐबक
(b) इल्तुतमिश
(c) फिरोजशाह तुगलक
(d) सिकन्दर लोदी

## Answer Key

1. (c) 2.(a) 3.(a) 4.(a) 5.(c) 6.(c) 7.(b) 8.(d) 9.(c) 10.(c)
11.(b) 12.(b) 13.(b) 14.(d) 15.(d) 16.(a) 17.(d) 18.(b) 19.(d) 20.(b)
21.(d) 22.(b) 23.(a) 24.(b) 25.(b) 26.(b) 27.(b)

## Answer Key

1. (b) 2.(b) 3.(b) 4.(a) 5.(a) 6.(c) 7.(a) 8.(b) 9.(d) 10.(b)
11.(d) 12.(a) 13.(a) 14.(b) 15.(a) 16.(c) 17.(b) 18.(c) 19.(b) 20.(a)
21. (c) 22.(c) 23.(d) 24.(a) 25.(c)

EduBull.com